राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

संविधान वाटिका निर्माण और संविधान जागरूकता के लिए राजस्थान में हुए प्रयासों के बारे में दी जानकारी

उच्च शिक्षा में हुए विकास पर भी की चर्चा

राज्यपाल की राष्ट्रपति श्री कोविंद से शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 29 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। राज्यपाल की उनसे यह शिष्टाचार भेंट थी।

श्री मिश्र ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से हुई मुलाकात के दौरान उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल ने राष्ट्रपति श्री कोविंद से राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में युवाओं को संविधान के प्रति जागरूक करने के लिए राजभवन की पहल पर निर्मित किए जा रहे संविधान पार्कों के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी। राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालयों में संविधान उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन की परंपरा डालने और राज्य में संविधान चेतना के नवाचारों के बारे में राष्ट्रपति ने विशेष रुचि ली।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रपति को कोरोना की स्थिति, प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों से सम्बंधित विकास के लिए राजभवन द्वारा उठाये गए कदमों, जनजातीय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के प्रसार, राज्य में कोविड के दौरान कला और कलाकारों की आजीविका और उनके संरक्षण हेतु पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया।

राष्ट्रपति श्री कोविंद से राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी दी। उन्होंने कोविड के विकट दौर के बावजूद विश्वविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन, परीक्षाओं के आयोजन और पारदर्शिता से परिणाम जारी किए जाने के साथ ही बताया कि कोविड में महत्ती आयोजनों और कार्यक्रमों, दीक्षातं समारोह वर्चुअल भी आयोजित किए जा रहे हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र और राष्ट्रपति श्री कोविंद की यह मुलाकात लगभग पौन घंटे की रही। राज्यपाल ने मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति को एक वर्ष की उपलब्धियों की प्रकाशित पुस्तक 'नई सोच—नए आयाम' भी भेंट की। राज्यपाल के साथ प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र भी मौजूद थीं।

———